पटेल महाविद्यालय को 'साइबर सुरक्षा, साइबर शिक्षा' पुरस्कार

ब्यूरो | भंडारा . क्विक हिल फाउंडेशन संस्था व्दारा हाल ही में पुणे में 'साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा' के अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभाग को पुरस्कार दिया गया। इस सम्मेलन में प्रमुख अतिथि के रूप में महाराष्ट्र साइबर पुलिस डी.आइ.जी. संजय शिंत्रे, पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर सोलापुर विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. प्रकाश महानकर, कवि बहिणाबाई चौधरी , उत्तर महाराष्ट्र विश्व विद्यालय जलगांव की कुलगूरु डॉ. व्ही. एल. माहेश्वरी, क्विक हिल टेक्नोलॉजी के संचालक डॉ कैलाश काटकर, डॉ. संजय काटकर , अध्यक्ष अनुपमा काटकर उपस्थित थीं। इस अवसर पर जे.एम.पटेल महाविद्यालय के कम्प्यूटर विभाग को 'साइबर सुरक्षा, साइबर शिक्षा' में उत्कृष्ट कार्य करने पर छह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें बेस्ट प्रोसेस कंप्लाइंस श्रेणी में प्रथम पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विकास ढोमणे को सम्मानित किया गया। इसी के साथ कम्प्यूटर विभाग के प्रमुख डॉ. प्रवीण घोसेकर को पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों में से लावण्या मने, शरयु सार्वे को बेस्ट प्रोसेस कंप्लाइंस उप विजेता तथा सलोनी ठकरेला और वैष्णवी समरीत को बेस्ट प्रोग्राम आउटरिच उप विजेता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।